# पंतनगर विश्वविद्यालय की परंपरा को आगे बढ़ाएं – डा. जीना

पंतनगर। 5 जून 2025। विश्वविद्यालय साहित्य समिति द्वारा समिति के अंतिम वर्ष 2021–2025 के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों और योगदान को सम्मानित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. आनंद सिंह जीना, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. सुभाष चन्द्रा एवं स्टाफ काउंसलर, विश्वविद्यालय साहित्य समिति डा. अमित केसरवानी उपस्थित थे।

सभी सम्मानित छात्र आकांक्षा जोशी, देवेंद्र, अभिनव आर्या, नेहा पाण्डेय ने साहित्य समिति में अपनी यात्रा का का विवरण प्रस्तुत किया। एक मकसद से शुरू हुई समिति के योगदान की सराहना भी की। आयोजन टीम में स्निग्ध अवस्थी, अद्रिजा रावत, गरिमा राणा, हर्षित आर्या शगुन बिष्ट, मंथन सडाना, ऋषभ जोशी, चिराग भाटिया, आराध्या कौशल, सार्थक जोशी, जाह्नवी गोस्वामी, हर्षिता तिवारी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में प्रेरणादायक शब्दों, अनुभवों और सामूहिक चित्र के साथ समारोह संपन्न हुआ।